‘उच्च-शिक्षा आपके द्वार’

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

PANDIT SUNDARLAL SHARMA (OPEN) UNIVERSITY CHHATTISGARH

नैक द्वारा “A+” ग्रेड प्रदत्त

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा श्रेणी-2 स्वायत्तता प्रदत्त विश्वविद्यालय

NEP

Honours Programmes

Ph.D

MBA

ON LINE Admission

ON LINE Contents

सूचना एवं प्रवेश विवरणिका

Information & Admission Prospectus

सत्र : 2026-27



Information & Admission Prospectus

दूरभाष नं. (07752) 240752, 240716, 240712, 9340941679

website : www.pssou.ac.in email : rsd@pssou.ac.in

"सत्य से मत डिगो, चाहे जियो या मरो"



जन्म तिथि
21 दिसम्बर, 1881

निर्वाण तिथि
28 सितम्बर, 1940

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा

छत्तीसगढ़ के ''गाँधी'' के रूप में विख्यात तथा छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के प्रथम कल्पनाकार पण्डित सुन्दरलाल शर्मा जी का जन्म विक्रम संवत् 1938 (21 दिसम्बर, 1881 ई.) को ग्राम-चमसूर, राजिम में हुआ। आप राजनीति के साथ-साथ सामाजिक कार्यों का भी निर्वहन करते थे। आप समाज में व्याप्त कुरीतियों, छुआछूत एवं जाति प्रथा के घोर विरोधी थे। आप छत्तीसगढ़ के अछूत एवं पिछड़ी जातियों को समाज में उचित स्थान और सम्मान दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे। आप स्वतंत्रता आंदोलन के वीर सिपाही थे। बहुआयामी प्रतिभा के धनी पण्डित सुन्दरलाल शर्मा 28 सितम्बर, 1940 ई. को चिरनिद्रा में निमग्न हुए, इनकी स्मृति को चिरस्मरणीय बनाए रखने हेतु छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश के प्रथम मुक्त विश्वविद्यालय का नाम इनके नाम पर रखा गया है ।

‘उच्च-शिक्षा आपके द्वार’

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

(विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 2F में सम्मिलित एवं छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्रमांक 26 / 2004 द्वारा स्थापित)
(Included under section 2f of the UGC Act 1956 and Established by Chhattisgarh Govt. Act 26/2004)

नैक द्वारा A+ ग्रेड प्रदत्त

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा श्रेणी-2 स्वायत्तता प्रदत्त विश्वविद्यालय

सूचना एवं प्रवेश विवरणिका

सत्र : 2026-27

दूरभाष नं. (07752) 240752, 240716, 240712, 9340941679
website : www.pssou.ac.in email : rsd@pssou.ac.in

FROM THE DESK OF VICE-CHANCELLOR

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

नैक द्वारा "A+" ग्रेड प्रदत्त

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा श्रेणी-2 स्वायत्तता प्रदत्त विश्वविद्यालय



प्रो. वीरेन्द्र कुमार सारस्वत
कुलपति

कुलपति की कलम से

प्रिय शिक्षार्थी,

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर में इस सत्र के सभी प्रवेशार्थियों का स्वागत है।

एक मुक्त विश्वविद्यालय का मुख्य दायित्व ऐसे विद्यार्थियों तक उच्च शिक्षा को पहुँचाना होता है जो संसाधनों के अभाव, रोजगार की व्यस्तता अथवा किन्हीं अपरिहार्य कारणों से नियमित शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। विश्वविद्यालय अपने ध्येय वाक्य 'उच्च शिक्षा आपके द्वार' को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। अपनी इसी प्रतिबद्धता के कारण विश्वविद्यालय कई माध्यमों से अपने छात्रों को विषय से संबंधित अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराता है।

छत्तीसगढ़ राज्य एक आदिवासी बाहुल्य एवं वन आच्छादित क्षेत्र है। विश्वविद्यालय का कार्य-क्षेत्र सम्पूर्ण राज्य होने के कारण शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने हेतु हमारे 06 क्षेत्रीय केन्द्र एवं 01 उप क्षेत्रीय केन्द्र संचालित हैं। अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से सुदूर ग्रामीण, वनांचल में निवासरत छात्रों, विशेषतः अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों तक गुणवत्ता पूर्ण उच्च शिक्षा का प्रसार करने में आसानी होती है। विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में अधिकांश विषयों पर स्वनिर्मित अध्ययन सामग्री का उपयोग विद्यार्थियों के पठन-पाठन हेतु किया जाता है।विश्वविद्यालय दूरस्थ शिक्षा-प्रणाली के माध्यम से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों का संचालन कर रहा है जिसमें पी.एच.डी. पाठ्यक्रम भी सम्मिलित है।

कोरोना महामारी की अवधि में विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन संपर्क कक्षा के साथ-साथ प्रवेश, शिक्षण तथा मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत छात्र हित को ध्यान में रखते हुए सभी कार्य आसान एवं व्यवस्थित रुप से किया गया, जिसका परिणाम है कि यहाँ के विद्यार्थियों को किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई।

प्रिय शिक्षार्थी, इस 'सूचना एवं प्रवेश विवरणिका' का प्रकाशन विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं विश्वविद्यालयीन कार्यक्रमों और गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी आप तक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है।

मुझे पूरा विश्वास है कि इस प्रदूषण मुक्त परिसर के प्राकृतिक परिवेश में आधुनिक शिक्षा-प्रणाली की उपलब्ध सभी सुविधाओं के साथ आप एक सक्रिय शिक्षार्थी के रुप में आगे बढ़ सकेंगे। मैं आपको आश्वस्त करता हूँ कि विश्वविद्यालय परिवार के सभी अध्यापक और कर्मचारी आपके अध्ययन को सफल बनाने में हमेशा सहयोगी की भूमिका निभाएँगें।

विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आपका हार्दिक स्वागत है। आपके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ,

Email : vc@pssou.ac.in

कुलपति

CONTENTS

S.No.	Particulars	Page No.
1.	About the University (विश्वविद्यालय-एक परिचय)	1-2
2.	Academic Programmes (अकादमिक कार्यक्रम)	3-5
	2.4 Academic Programmes : Duration & Fees (अकादमिक कार्यक्रम : अवधि एवं शुल्क)	6
3.	Academic Programmes (शैक्षणिक कार्यक्रम)	7
	3.1 Bachelor Degree Programmes (स्नातक कार्यक्रम)	7-31
	3.2 Master Degree Programmes (स्नातकोत्तर कार्यक्रम)	31-37
	3.3 Post Graduate Diploma Programmes (स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम)	37
	3.4 Diploma Programmes (डिप्लोमा कार्यक्रम)	38-39
4.	Ph.D. Programme (पी-एच.डी. कार्यक्रम)	40
5.	Scholarship (छात्रवृत्ति)	40
6.	Important Instructions (महत्त्वपूर्ण निर्देश)	41-42
7.	Admission Instructions (प्रवेश निर्देश)	42-44
8.	Regional Service Division (क्षेत्रीय सेवा प्रभाग)	45
9.	Dispatch of Study Materials (पाठ्य-सामग्री प्रेषण)	46
10.	Other Instructions (अन्य निर्देश)	46
11.	Examination Process (परीक्षा संबधित प्रक्रिया)	47-49
12.	Other Provisions (अन्य प्रावधान)	50
13.	Programme wise List of Study Centres (पाठ्यक्रमानुसार अध्ययन-केंद्रों की सूची)	51-59
	13.1 बी.ए.	51
	13.2 बी.कॉम. / बी.बी.ए.	51
	13.3 एम.ए. (पूर्व / अंतिम)	51
	13.4 एम.एस.डब्ल्यू (M.S.W.)	51
	13.5 एम.एस-सी गणित. (पूर्व / अंतिम)	51
	13.6 एम.कॉम (पूर्व / अंतिम)	51
	13.7 रामचरित मानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा	51
	पी.जी. डिप्लोमा इन छत्तीसगढ़ी भाषा एवं साहित्य	51
	13.8 बी.एस-सी. (गणित / कम्प्यूटर विज्ञान / जीव विज्ञान)	52-55
	13.9 बी.लिब. एण्ड आई. एस-सी.	55-58
	13.10 बी.एड. / डी.एल.एड.अध्ययन-केंद्र सूची	59
14.	List of Regional/Study Centers (क्षेत्रीय / अध्ययन केंद्रों की सूची)	60-68
15.	List of Teacher & Counsellors for Guiding Students	68
16.	Departmental Profile (विभाग, विभागाध्यक्ष एवं संचालित पाठ्यक्रम)	69-70
17.	Forums in the University (विश्वविद्यालय के प्रकोष्ठ)	70
	विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण विभागीय दूरभाष क्रमांक	70
	विश्वविद्यालय के अधिकारियों / विभाग प्रमुख / प्रभारी का दूरभाष क्रमांक	71
18.	Facilities Available in the University (विश्वविद्यालय परिसर में उपलब्ध सुविधाएँ)	72-77

1. ABOUT THE UNIVERSITY

विश्वविद्यालय : एक परिचय

1.1 विश्वविद्यालय की स्थापना

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर की स्थापना छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 26 सन् 2004 द्वारा की गई। माननीय राज्यपाल की अनुमति से इस अधिनियम को 20 जनवरी, 2005 ई. को लागू किया गया। विश्वविद्यालय अधिनियम का प्रकाशन राजपत्र क्र 20 रायपुर, सोमवार, दिनांक 24 जनवरी, 2005 ई. (माघ 4, शक 1926) में किया गया।

1.2 विश्वविद्यालय और उसका उद्देश्य

राष्ट्रीय शिक्षा-नीति 1986 के अनुपालन में केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार समिति (Central Advisory Board of Education-CABE), भारत सरकार ने देश के प्रत्येक राज्य में एक राजकीय मुक्त विश्वविद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया। इसी आधार पर पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ की स्थापना छत्तीसगढ़ विधान मण्डल द्वारा 2005 में निम्न उद्देश्यों के लिए की गई -

1. विभिन्न माध्यमों के द्वारा जिसमें प्रसारण तकनीक भी सम्मिलित है, शिक्षा तथा ज्ञान का उन्नयन एवं प्रसारण करना।
2. समाज के व्यापक वर्ग को उच्च-शिक्षा के अवसर प्रदान करना तथा समाज के शैक्षणिक कल्याण को प्रोत्साहित करना।
3. राज्य के शैक्षिक विन्यास में मुक्त विश्वविद्यालय तथा दूरवर्ती शिक्षा-पद्धति को बढ़ावा देना।

1.3 विश्वविद्यालय का दृष्टिपथ

राष्ट्रीय विकास और वैश्विक समझ को बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर आवश्यक मानव संसाधन के लिए मौजूदा शिक्षा-प्रणालियों के प्रसार को सुनिश्चित करना, नवीन तकनीक एवं पद्धतियों का उपयोग करते हुए शिक्षार्थी तक स्थायी, शिक्षार्थी-केन्द्रित गुणवत्तायुक्त शिक्षा, कौशल उन्नयन की निर्बाध पहुँच सुनिश्चित करना, उच्च-शिक्षा के निर्धारित मानको को बनाए रखना तथा दूरस्थ-शिक्षा को बढ़ावा देना।

1.4 विश्वविद्यालय का लक्ष्य

'उच्च-शिक्षा आपके द्वार' के ध्येय वाक्य के साथ विश्वविद्यालय का लक्ष्य-शिक्षा में नवाचार, अनुसंधान तथा उत्कृष्टता के आधार पर शिक्षार्थियों को नवीन और मूल्य-आधारित उच्च-शिक्षा प्रदान करना है। विश्वविद्यालय तदानुसार, अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों का इस तरह निर्माण करता है ताकि वंचित तथा हाशिए पर स्थित समाज के सभी वर्गो के शिक्षार्थियों को आकर्षित किया जा सके। और -

- इक्कीसवीं सदी की आवश्यकतों के अनुरुप शिक्षार्थियों को अपनी पूरी क्षमता के विकास का अवसर, सेवारत् पेशेवरों के विकास और आवश्यकता के अनुरुप व्यावसायिक, कौशल आधारित प्रशिक्षण का अवसर प्रदान करना तथा शिक्षार्थियों को उनकी रुचि के अनुरुप प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सक्षम बनाना।
- मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा-पद्धति से सीमांत क्षेत्रों तक ज्ञान के सृजन के लिए अनुसंधानपरक विधियों, रणनीतियों का विकास करना।
- प्रभावी कार्यक्रम संचालन के लिए प्रौद्योगिकी और विधियों का उपयोग करते हुए वैश्विक नेटवर्क विकसित करना।
- सभी हितधारको, खासकर शिक्षार्थियों के लाभ के लिए शैक्षणिक, कार्पोरेट और समाज के बीच सामंजस्य बिठाना। क्षेत्रीय विकास के लिए कौशल आधारित ज्ञान के माध्यम से सामुदायिक-सहभागिता को प्रोत्साहित करना।
- स्थानीय भाषा में शिक्षा प्रदान करना तथा शिक्षार्थी को न्यूनतम दर पर उपलब्ध करना।
- सभी हितधारकों के लिए विश्वविद्यालय में सहभागी प्रशासन और प्रबंधन सुनिश्चित करना।

1.5 विश्वविद्यालय के आधारभूत (बुनियादी)-मूल्य

1. दुर्गम लोगों तक पहूँच बनाना।
2. आसान अधिगम।
3. समानता - भारत के किसी भी नागरिक के साथ भेदभाव नहीं।
4. उत्कृष्ठ मुक्त शिक्षा।
5. समाज-कल्याण।

1.6 कार्य प्रणाली एवं सुविधाएँ

- इस विश्वविद्यालय का क्षेत्राधिकार संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य है।
- छत्तीसगढ़ राज्य के सभी विकासखंडों में विश्वविद्यालय के दूरस्थ ''शिक्षा सामुदायिक ज्ञानार्जन केंद्र'' (अध्ययन-केंद्र) की स्थापना की गई है। जिन क्षेत्रों में उच्च-शिक्षा प्राप्ति हेतु महाविद्यालय नहीं हैं, उन क्षेत्रों में अध्ययन-केंद्रों की स्थापना करना विश्वविद्यालय का सर्वोपरि उद्देश्य है।
- विश्वविद्यालय में प्रवेश के नियम, अध्ययन-अवधि, विषय-चयन जैसी प्रक्रियाओं को अधिक सरल एवं लचीला बनाने का प्रयास किया गया है।
- विश्वविद्यालय दूरवर्ती शिक्षा व्यवस्था के माध्यम से युवा-वर्ग की बढ़ती आकांक्षाओं को पूर्ण करने हेतु प्रयासरत् है, जो विद्यार्थी किन्हीं कारणों से उच्च-शिक्षा के लाभ से वंचित रहते हैं, उन्हें भी गुणात्मक उच्च-शिक्षा प्राप्त करने का विश्वविद्यालय के माध्यम से अवसर प्राप्त होगा। इस पद्धति से ग्रामीण-अंचल के लोग, आर्थिक दृष्टि से पिछड़े लोग जो सुदूर नगरों एवं महानगरों में जाकर अध्ययन नहीं कर सकते हैं, उन्हें ज्ञानवर्धक एवं रोजगार-परक शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही उनके सांस्कृतिक, चारित्रिक, मानसिक एवं संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने, महिलाओं, दिव्यांग एवं सेवारत व्यक्तियों के लिए विशेष पाठ्यक्रमों की व्यवस्था, मुक्त एवं दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से उपलब्ध करवाने हेतु विश्वविद्यालय निरतंर प्रयासरत् है, विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित समय-समय पर संपर्क एवं परामर्श कक्षाओं के आयोजन से शिक्षार्थी अपनी कठिनाइयाँ दूर कर सकेंगे।
- 'उच्च-शिक्षा आपके द्वार' के बोधवाक्य का अनुसरण करते हुए विश्वविद्यालय ने दूरस्थ-शिक्षा सामुदायिक ज्ञानार्जन केंद्र (अध्ययन-केंद्र) दूरस्थ आदिवासी अंचलों में स्थापित किए हैं। इस विश्वविद्यालय का उद्देश्य दूरवर्ती-शिक्षा व्यवस्था के माध्यम से युवा-वर्ग की बढ़ती आकांक्षाओं की पूर्ति, रोजगारोन्मुखी एवं गुणात्मक उच्च-शिक्षा उपलब्ध कराना है। विश्वविद्यालय योग्य एवं अनुभवी विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार अध्ययन-सामग्री उपलब्ध करवाता है, तथा उच्च-शिक्षा के क्षेत्र में दूरस्थ-शिक्षा की वर्तमान अनिवार्य आवश्यकता की पूर्ति हेतु प्रयासरत् है।
- दूरस्थ-शिक्षा प्रणाली के प्रभावशाली संचालन हेतु संपर्क कक्षा एवं प्रायोगिक कार्य हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय महाविद्यालयों में प्रयोगशालाएँ स्थापित की गई हैं। इन महाविद्यालयों के अध्ययन-केंद्रों, कम्प्यूटर पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान तथा अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के छात्रों को अध्ययन हेतु प्राध्यापकों के अनुभवों का लाभ प्रदान करवाया जाता है।
- शिक्षा व्यवस्था पूर्णतया शिक्षार्थी केंद्रित है एवं विश्वविद्यालय में वार्षिक परीक्षा-प्रणाली लागू की गई है।
- प्रत्येक शिक्षार्थी को वि.वि. द्वारा निर्धारित अध्ययन/संपर्क/कार्यक्रम-केंद्र पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों में से पाठ्यक्रम चयन की सुविधा उपलब्ध है। तथा प्रवेश पश्चात् पाठ्य-सामग्री एवं सत्रीय कार्य (प्रश्न-पत्र एवं उत्तर-पुस्तिका) वि.वि. द्वारा उपलब्ध करवायी जाती है।
- दूरस्थ शिक्षा में किसी पाठ्यक्रम को पूरा करने की समय सीमा हेतु न्यूनतम अवधि से अधिकतम अवधि का विशेष प्रावधान है। संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में विश्वविद्यालय के अपने बी.एड./डी.एल.एड. के अध्ययन केंद्र सहित कुल 147 अध्ययन-केंद्रों के माध्यम से शैक्षणिक कार्यक्रम संचालित कर रहा है। विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु 10+2 (12 वीं कक्षा या समकक्ष) उत्तीर्ण एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों हेतु 10+2+3 (स्नातक) उत्तीर्ण छात्र ही पात्र होंगे।
- शिक्षार्थियों की सुविधा के लिए उनसे संबंधित सभी सूचनाएँ जैसे - प्रवेश-फॉर्म, परीक्षा समय-सारणी, परीक्षा-परिणाम, विभिन्न कार्यक्रमों का विवरण, सत्रीय-कार्य, प्रश्न-पत्र, विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शैक्षणिक गतिविधियों का विवरण, परामर्श/संपर्क कक्षाओं की समय-सारणी इत्यादि की सूचना विश्वविद्यालय की वेब-साइट : www.pssou.ac.in एवं दैनिक समाचार-पत्रों में विज्ञप्ति के माध्यम से समय-समय पर दी जाती है।

2. ACADEMIC PROGRAMMES

अकादमिक कार्यक्रम

2.1 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई-दिल्ली द्वारा पी-एच.डी. कार्यक्रम के संचालन की अनुमति

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये

University Grants Commission
Bahadur Shah Zafar Marg
New Delhi - 110002

No.F.1-130/2015(VIP/PS) 3rd November, 2016

The Vice-Chancellor,
Pt. Sundearlal Sharma (Open) University,
Chhattisgarh, Bilaspur.

Subject : Permission to re-start M.Phil/Ph.D programmes under regular mode as per UGC Regulations 2016 - reg.

Sir,

This is with reference to your letter No. 55/PSSOU/UGC/16 dated 1.9.2016 submitting therewith an affidavit fully notarized by C.G. 14/13/5-2-03 dated 2.9.2016 signed by Dr. R.K. Sachdev, presently working as Registrar of your University to the effect that University will strictly follow UGC (Minimum Standards and procedure for Award of M.Phil/Ph.D) Regulations 2016 and will be abide by all its clauses in toto.

In this context, I am directed to convey the permission to start M.Phil/Ph.D programme under regular/part-time mode by the University subject to the condition that the essential clauses of UGC (Minimum Standards and Procedure for Award of M.Phil/Ph.D Degrees) Regulations 2016 (copy enclosed) pertaining to eligibility criteria for admission to M.Phil/Ph.D programme, duration of programme, procedure for admission, allocation of Research Supervisor, Course Work, Research Advisory Committee, Evaluation and Assessment Methods and Depository with INFLIBNET must be followed in letter and spirit.

In case if there is any deviation in implementing the clauses of UGC Regulations, 2016, the permission would be deemed to be treated as withdrawn. Above permission is subject to the condition that Act/ Statute/ Ordinance/Rule of the University provide for the same.

Yours faithfully

(Satish Kumar)
Under Secretary

UNIVERSITY GRANTS COMMISSION
Distance Education Bureau

F.No. : 40-15/2023, 2-1/2023 (DEB-II), 1-2/2024, 1-6/2025 (DEB-SER) Dated: 03 June 2024

S.NO	13		
STATE	CHHATTISGARH		
NAME/CATEGORY OF HEI	PT. SUNDARLAL SHARMA (OPEN) UNIVERSITY (STATE OPEN UNIVERSITY)		
PERIOD OF RECOGNITION	2023-24 to 2028-29		
LIST OF PROGRAMMES RECOGNISED FOR 2023-24, ACADEMIC SESSION BEGINNING FEBRUARY, 2024 AND ONWARDS	NUMBER OF RECOGNISED PROGRAMMES	18	
	NAME OF RECOGNISED PROGRAMMES	1. BACHELOR OF ARTS (GENERAL) 2. BACHELOR OF LIBRARY AND INFORMATION SCIENCE 3. BACHELOR OF COMMERCE (HONS.) 4. BACHELOR OF BUSINESS OF ADMINISTRATION (HONS.) 5. BACHELOR OF SCIENCE (MATHEMATICS) 6. MASTER OF ARTS (HINDI) 7. MASTER OF ARTS (ENGLISH) 8. MASTER OF ARTS (SANSKRIT) 9. MASTER OF ARTS (POLITICAL SCIENCE) 10.MASTER OF ARTS (CHHATTISGARHI) 11.MASTER OF ARTS (EDUCATION) 12.MASTER OF ARTS (SOCIOLOGY) 13.MASTER OF ARTS (MATHEMATICS) 14.MASTER OF SOCIAL WORK 15.MASTER OF SCIENCE (COMPUTER SCIENCE) 16.MASTER OF SCIENCE (MATHEMATICS) 17.MASTER OF LIBRARY AND INFORMATION SCIENCE 18.POST GRAGUATE DIPLOMA IN COMPUTER SCIENCE
LIST OF PROGRAMMES RECOGNISED FOR 2023-24, ACADEMIC SESSION BEGINNING JULY, 2024 AND ONWARDS	NUMBER OF RECOGNISED PROGRAMMES	4	
	NAME OF RECOGNISED PROGRAMMES	1. BACHELOR OF SCIENCE (BIOLOGY) 2. BACHELOR OF EDUCATION 3. MASTER OF BUSINESS ADMINISTRATION 4. MASTER OF COMMERCE	

2.3 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई-दिल्ली द्वारा विभिन्न डिप्लोमा कार्यक्रम के संचालन की अनुमति

www.ugc.ac.in/deb

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये

UNIVERSITY GRANTS COMMISSION
DISTANCE EDUCATION BUREAU
35 FEROZE SHAH ROAD
NEW DELHI-110 001

F.No. 2-10/2016 (DEB-III) **Dated: Dec., 2016**

By Speed Post

16 DEC 2016

The Registrar
Pt. Sundarlal Sharma Open University,
Bilaspur Koni-Birkona Marg
Gram Post-Birkona
Dist. Bilaspur (C.G.) -495009.

Sub: *Approval of Diploma and Certificate courses-regarding*

Sir,

UGC has been according approval to eligible institutions to offer specific programmes through open and distance learning mode which includes certificate and diploma programmes also.

It has been decided that IGNOU, New Delhi and State Open Universities (SOUs), which has got approval from UGC to offer programmes through distance mode, may be allowed to offer Certificate and Diploma programmes of the duration of one year or less in non-technical, non-medical, non-para medical fields and excluding the programmes which require hands on training.

Therefore, from the academic session 2017-18, IGNOU and SOUs may offer such programmes without seeking the approval from UGC but after the approval of its statutory bodies like Board of Studies, Academic Council etc. and other statutory bodies, if applicable. It is desired that UGC may be informed of launch of such Certificate and Diploma Courses.

Yours faithfully

(Megha Kaushik)
Education Officer

2.4 ACADEMIC PROGRAMMES : DURATION & FEES

अकादमिक कार्यक्रम : अवधि एवं शुल्क

(शुल्क राशि रु. में)

संचालित पाठ्यक्रम	न्यूनतम अर्हता	न्यूनतम अवधि	वर्ष में कुल शुल्क	पाठ्यक्रम का माध्यम
स्नातक कार्यक्रम				
बी.ए. (सेमेस्टर आधार पर)	10+2	3 वर्ष	3,000 (प्रति सेमेस्टर)	हिंदी
बी.एस-सी. (सेमेस्टर आधार पर)	10+2	3 वर्ष	3,000 (प्रति सेमेस्टर)	अँग्रेज़ी
बी.बी.ए. (आनर्स) (सेमेस्टर आधार पर)	10+2	4 वर्ष	3,000 (प्रति सेमेस्टर)	अँग्रेज़ी
बी.कॉम. (आनर्स) (सेमेस्टर आधार पर)	10+2 (वाणिज्य समूह)	4 वर्ष	3,000 (प्रति सेमेस्टर)	हिंदी
बी.ए.	10+2	3 वर्ष	4,300	हिंदी
बी.एस-सी. (जीव-विज्ञान)	10+2 (जीवविज्ञान समूह)	3 वर्ष	6,200	हिंदी
बी.एस-सी. (गणित)	10+2 (गणित समूह)	3 वर्ष	5,700	हिंदी
बी.लिब. एवं आई.एस-सी.	स्नातक	1 वर्ष	11,200	हिंदी
बी.एड. (प्रवेश पूर्व परीक्षा द्वारा चयन) (सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देखें)	स्नातक	2 वर्ष	30,000	हिंदी
स्नातकोत्तर कार्यक्रम				
एम.ए.- हिंदी, अँग्रेज़ी, संस्कृत, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, छत्तीसगढ़ी	स्नातक	2 वर्ष	7,200	हिंदी / संस्कृत / अँग्रेज़ी
एम.ए. / एम.एस-सी. (गणित)	गणित विषय में स्नातक	2 वर्ष	7,700	अँग्रेज़ी
एम.एस-सी. (कम्प्यूटर साइंस)	संबंधित विषय में स्नातक	2 वर्ष	10,000	हिंदी / अँग्रेज़ी
एम.ए (शिक्षा)	संबंधित विषय में स्नातक	2 वर्ष	7,700	हिंदी
एम.कॉम.	संबंधित विषय में स्नातक	2 वर्ष	7,700	हिंदी
एम.बी.ए. (सेमेस्टर आधार पर)	स्नातक	2 वर्ष	9,800 (प्रति सेमेस्टर)	अँग्रेज़ी
एम.एस.डब्ल्यू	संबंधित विषय में स्नातक	2 वर्ष	11,350	हिंदी
एम.लिब.	बी.लिब.	1 वर्ष	10,800	हिंदी
पी.जी. डिप्लोमा/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कार्यक्रम				
पी.जी.डी.सी.ए.	स्नातक	2 वर्ष	10,000	हिंदी / अँग्रेज़ी
डिप्लोमा इन योग साइंस	स्नातक	1 वर्ष	8,200	हिंदी
डिप्लोमा इन सॉइकोलॉजीकल गाइडेंस एण्ड कॉउसलिंग	स्नातक	1 वर्ष	11,200	हिंदी
डिप्लोमा इन कम्प्यूटर (DCA)	10+2	1 वर्ष	8,700	हिंदी
रामचरितमानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा	10+2	1 वर्ष	3,200	हिंदी
डी.एल.एड. (प्रवेश पूर्व परीक्षा द्वारा चयन) (सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देखें)	10+2	2 वर्ष	12,000	हिंदी

किसी भी पाठ्यक्रम में छात्रों की संख्या 50 से कम होने पर पाठ्यक्रम संचालित नहीं किया जा सकता है एवं शुल्क की वापसी नियमानुसार की जा सकेगी।

सत्र जुलाई-जून 2026-27 से संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने पर अतिरिक्त शुल्क राशि रु. 900/- (रु. नौ सौ मात्र) देय होगा।

वार्षिक कुल शुल्क परिवर्तनशील है। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् इसमें परिवर्तन कर सकेगी।

3. ACADEMIC PROGRAMMES

3.1 BACHELOR DEGREE PROGAMMES

स्नातक उपाधि

परामर्श / संपर्क कक्षा विश्वविद्यालय मुख्यालय में एवं कुछ चिन्हित अध्ययन-केंद्रों में ही संचालित होगी।

3.1.1 बी.ए., बी.एस-सी. (B.A., B.Sc.) वार्षिक प्रणाली (Annual Pattern)

कार्यक्रम संरचना

- स्नातक कला (B.A.) त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम है, जिसे अधिकतम छह वर्ष में पूरा किया जा सकता है।
- यह कार्यक्रम रुचि आधारित पाठ्यक्रम क्रेडिट प्रणाली (Choice Based Credit System) की संरचना (Framework) में होगा।
- यह पाठ्यक्रम कौशल विकास (Skill Development) के लिए भी विकल्प आधारित होगा।

कार्यक्रम का विभाजन

1 एक क्रेडिट = 30 घंटों की अध्ययन अवधि।

2 वर्ष में पाठ्यक्रम पूरा करने हेतु अधिकतम 32 क्रेडिट = 960 घंटों का अध्ययन। अर्थात 1 माह में 80 घंटे का अध्ययन करना होगा।

3 परामर्श / संपर्क कक्षा की समय-सारणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.pssou.ac.in पर अपलोड किया जाएगा।

आधार पाठ्यक्रम

- आधार पाठ्यक्रम में सत्रीय कार्य नहीं होगा।
- आधार पाठ्यक्रम की सत्रांत परीक्षा ओ.एम.आर. सीट पर होगी।

आधार पाठ्यक्रम (Foundation Courses) (पाठ्य-सामग्री केवल हिंदी भाषा में उपलब्ध)

COURSE TITLE	PAPER	YEAR	CREDIT
हिंदी भाषा - भाग - एक	प्रथम	प्रथम	4
अँग्रेज़ी भाषा - भाग - एक (English Language and Indian Culture)	द्वितीय	प्रथम	4
पर्यावरण अध्ययन (अनिवार्य विषय में कोई क्रेडिट नहीं है परंतु प्रथम वर्ष में उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।)			
हिंदी भाषा - भाग - दो	प्रथम	द्वितीय	4
अँग्रेज़ी भाषा- भाग - दो (English Language and Scientific Temper)	द्वितीय	द्वितीय	4
हिंदी भाषा - भाग - तीन	प्रथम	तृतीय	4
अँग्रेज़ी भाषा - भाग - तीन (English Language and Aspects of Development)	द्वितीय	तृतीय	4

पाठ्यक्रम (Elective Courses)

1. ऐच्छिक विषयों में सत्रीय कार्य वि.वि. द्वारा प्रदत्त उत्तर-पुस्तिका में लिखकर अध्ययन-केंद्र पर निर्धारित तिथि तक जमा करना होगा।
2. ऐच्छिक विषयों में सत्रांत परीक्षा सत्रीय कार्य के प्रश्न-पत्र की तर्ज़ पर होगी।

संस्कृत (SANSKRIT)

(पाठ्य-सामग्री केवल संस्कृत / हिंदी भाषा में उपलब्ध)

COURSE TITLE	PAPER	YEAR	CREDIT
गद्य, कथा एवं साहित्येतिहास	प्रथम	प्रथम	4
नाटक, व्याकरण और अनुवाद	द्वितीय	प्रथम	4
नाटक, छंद तथा व्याकरण	प्रथम	द्वितीय	4
पद्य तथा साहित्येतिहास	द्वितीय	द्वितीय	4
काव्य, अलंकार तथा निबंध	प्रथम	तृतीय	4
नाटक, व्याकरण तथा रचना	द्वितीय	तृतीय	4

हिंदी (HINDI)

(पाठ्य-सामग्री केवल हिंदी भाषा में उपलब्ध)

COURSE TITLE	PAPER	YEAR	CREDIT
प्राचीन हिंदी काव्य	प्रथम	प्रथम	4
हिंदी कथा-साहित्य	द्वितीय	प्रथम	4
अर्वाचीन हिंदी काव्य	प्रथम	द्वितीय	4
हिंदी भाषा-साहित्य का इतिहास तथा काव्यांग विवेचन	द्वितीय	द्वितीय	4
जनपदीय भाषा-साहित्य (छत्तीसगढ़ी)	प्रथम	तृतीय	4
हिंदी निबंध तथा अन्य गद्य विधाएँ	द्वितीय	तृतीय	4

अँग्रेज़ी (ENGLISH)

(पाठ्य-सामग्री केवल अँग्रेज़ी भाषा में उपलब्ध)

COURSE TITLE	PAPER	YEAR	CREDIT
Literature in English (1550-A.D. to 1750-A.D.)	प्रथम	प्रथम	4
Literature in English (1750-A.D. to 1900-A.D.)	द्वितीय	प्रथम	4
Modern English Literature- I (Reading Poetry)	प्रथम	द्वितीय	4
Modern English Literature- II (Reading of Fiction and Drama)	द्वितीय	द्वितीय	4
Indian Writing in English	प्रथम	तृतीय	4
20th Century Literature	द्वितीय	तृतीय	4

इतिहास (HISTORY)

(पाठ्य-सामग्री केवल हिंदी भाषा में उपलब्ध)

COURSE TITLE	PAPER	YEAR	CREDIT
भारत का इतिहास (आरंभ सं 1206 ई. तक)	प्रथम	प्रथम	4
विश्व का इतिहास (सन् 1453 ई. से 1789 ई. तक)	द्वितीय	प्रथम	4
भारत का इतिहास (सन् 1206 ई. से 1761 ई. तक)	प्रथम	द्वितीय	4
विश्व का इतिहास (सन् 1789 ई. से 1871 ई. तक)	द्वितीय	द्वितीय	4
भारत का इतिहास (सन् 1761 ई. से 1950 ई. तक)	प्रथम	तृतीय	4
विश्व का इतिहास (सन् 1871 ई. से 1945 ई. तक)	द्वितीय	तृतीय	4

समाजशास्त्र (SOCIOLOGY)

(पाठ्य-सामग्री केवल हिंदी भाषा में उपलब्ध)

COURSE TITLE	PAPER	YEAR	CREDIT
समाजशास्त्र का परिचय	प्रथम	प्रथम	4
भारतीय समाज	द्वितीय	प्रथम	4
समाज और अपराध	प्रथम	द्वितीय	4
जनजातीय समाजशास्त्र	द्वितीय	द्वितीय	4
समाजशास्त्रीय विचारों के आधार	प्रथम	तृतीय	4
सामाजिक अनुसंधान पद्धति	द्वितीय	तृतीय	4

अर्थशास्त्र (ECONOMICS)

(पाठ्य-सामग्री केवल हिंदी भाषा में उपलब्ध)

COURSE TITLE	PAPER	YEAR	CREDIT
व्यष्टि अर्थशास्त्र	प्रथम	प्रथम	4
भारतीय अर्थव्यवस्था	द्वितीय	प्रथम	4
समष्टि अर्थशास्त्र और मुद्रा एवं बैंकिंग	प्रथम	द्वितीय	4
सार्वजानिक वित्त एवं अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्र	द्वितीय	द्वितीय	4
विकास एवं पर्यावरण का अर्थशास्त्र	प्रथम	तृतीय	4
परिमाणात्मक विधियाँ	द्वितीय	तृतीय	4

राजनीति विज्ञान (POLITICAL SCIENCE)

(पाठ्य-सामग्री केवल हिंदी भाषा में उपलब्ध)

COURSE TITLE	PAPER	YEAR	CREDIT
राजनैतिक सिद्धांत	प्रथम	प्रथम	4
भारतीय शासन एवं राजनीति	द्वितीय	प्रथम	4
पाश्चात्य राजनैतिक चिंतन	प्रथम	द्वितीय	4
तुलानात्मक शासन एवं राजनीति	द्वितीय	द्वितीय	4
अंतरराष्ट्रीय राजनीति	प्रथम	तृतीय	4
लोक प्रशासन	द्वितीय	तृतीय	4

मनोविज्ञान (PYSCHOLOGY)

(पाठ्य-सामग्री केवल हिंदी भाषा में उपलब्ध)

COURSE TITLE	PAPER	YEAR	CREDIT
सामान्य मनोविज्ञान प्रक्रियाएँ	प्रथम	प्रथम	3
सामाजिक मनोविज्ञान	द्वितीय	प्रथम	3
प्रायोगिक भाग - एक		प्रथम	2
मनोवैज्ञानिक मापन	प्रथम	द्वितीय	3
मनोव्याधिकी	द्वितीय	द्वितीय	3
प्रायोगिक भाग - दो		द्वितीय	2
मानव विकास	प्रथम	तृतीय	3
मनोवैज्ञानिक सांख्यिकी	द्वितीय	तृतीय	3
प्रायोगिक भाग - तीन		तृतीय	2

प्रबंधन (MANAGEMENT)

(पाठ्य-सामग्री केवल हिंदी भाषा में उपलब्ध)

COURSE TITLE	PAPER	YEAR	CREDIT
प्रबंध के सिद्धांत	प्रथम	प्रथम	4
व्यावसायिक पर्यावरण	द्वितीय	प्रथम	4
व्यावसायिक संचार	प्रथम	द्वितीय	4
मानव संसाधन प्रबंधन	द्वितीय	द्वितीय	4
विपणन प्रबंधन	प्रथम	तृतीय	4
वित्तीय प्रबंध	द्वितीय	तृतीय	4

योग विज्ञान (YOG SCIENCE)

(पाठ्य-सामग्री केवल हिंदी भाषा में उपलब्ध)

COURSE TITLE	PAPER	YEAR	CREDIT
योग विज्ञान का परिचयात्मक स्वरूप	प्रथम	प्रथम	3
योग दर्शन (भारतीय दर्शन के संदर्भ में)	द्वितीय	प्रथम	3
हठयोग	तृतीय	द्वितीय	3
मानव शरीर रचना एवं शरीर क्रिया विज्ञान	चतुर्थ	द्वितीय	3
प्रायोगिक भाग - एक		प्रथम	2

3.1.2 बी.एस-सी. (B.Sc.)

परामर्श / संपर्क कक्षा विश्वविद्यालय मुख्यालय में एवं कुछ चिन्हित अध्ययन-केंद्रों में ही संचालित होगी।

पाठ्यक्रम संरचना

- स्नातक विज्ञान (B.Sc.) कार्यक्रम एक त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम है जिसे अधिकतम छह वर्ष में पूरा किया जा सकता है।
- यह कार्यक्रम रुचि आधारित पाठ्यक्रम क्रेडिट प्रणाली (Choice Based Credit System) की संरचना (Framework) में होगा।
- यह पाठ्यक्रम कौशल विकास (Skill Development) के लिए भी विकल्प आधारित होगा।

कार्यक्रम का विभाजन

1 एक क्रेडिट = 30 घंटों की अध्ययन अवधि।

2 वर्ष में पाठ्यक्रम पूरा करने हेतु अधिकतम 32 क्रेडिट = 960 घंटों का अध्ययन। अर्थात 1 माह में 80 घंटे का अध्ययन करना होगा।

3 परामर्श / संपर्क कक्षा की समय-सारणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.pssou.ac.in पर अपलोड किया जाएगा।

आधार पाठ्यक्रम

आधार पाठ्यक्रम B.Sc. स्नातक कार्यक्रम में निम्न विषय एवं क्रेडिट के होंगे -

1. आधार पाठ्यक्रम में सत्रीय कार्य नहीं होगा।
2. सत्रांत परीक्षा में प्रश्न बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे, यह परीक्षा ओ.एम.आर. सीट पर होगी।

आधार पाठ्यक्रम (FOUNDATION COURSES) (पाठ्य-सामग्री केवल हिंदी भाषा में उपलब्ध)

COURSE TITLE	PAPER	YEAR	CREDIT
हिंदी भाषा - भाग - एक	प्रथम	प्रथम	4
अँग्रेज़ी भाषा - भाग - एक (English Language and Indian Culture)	द्वितीय	प्रथम	4
पर्यावरण अध्ययन (अनिवार्य विषय में कोई क्रेडिट नहीं है परंतु प्रथम वर्ष में उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।)			
हिंदी भाषा - भाग - दो	प्रथम	द्वितीय	4
अँग्रेज़ी भाषा - भाग - दो (English Language and Scientific Temper)	द्वितीय	द्वितीय	4
जनपदीय भाषा साहित्य (छत्तीसगढ़ी)	प्रथम	तृतीय	4
English Language and Aspects of Development	द्वितीय	तृतीय	4

पाठ्यक्रम (Elective Courses) (पाठ्य-सामग्री केवल हिंदी भाषा में उपलब्ध)

COURSE TITLE
1. ऐच्छिक विषयों में सत्रीय कार्य वि.वि. द्वारा प्रदत्त उत्तर-पुस्तिका में लिखकर अध्ययन-केंद्र पर निर्धारित तिथि तक जमा करना होगा।
2. ऐच्छिक विषयों में सत्रांत परीक्षा सत्रीय कार्य के प्रश्न-पत्र की तर्ज़ पर होगी।
3. बी.एस-सी. (गणित) के विषय - 1. गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र या 2. गणित, कम्प्यूटर विज्ञान, भौतिकी
4. बी.एस-सी. (जीव विज्ञान) के विषय - वनस्पति शास्त्र, प्राणी शास्त्र, रसायन शास्त्र

गणित (MATHEMATICS)

(पाठ्य-सामग्री केवल हिंदी भाषा में उपलब्ध)

COURSE TITLE	PAPER	YEAR	CREDIT
कलन	प्रथम	प्रथम वर्ष	2
बीज गणित एवं त्रिकोणमिति	द्वितीय	प्रथम वर्ष	3
सदिश विश्लेषण एवं ज्यामिति	तृतीय	प्रथम वर्ष	3
उच्चकलन	प्रथम	द्वितीय वर्ष	3
अवकलन समीकरण	द्वितीय	द्वितीय वर्ष	2
यांत्रिकी	तृतीय	द्वितीय वर्ष	3
अर्मूतबीजगणित	प्रथम	तृतीय वर्ष	3
यांत्रिकी भाग -02	द्वितीय	तृतीय वर्ष	3
सरल सांख्यिकीय सिद्धांत एवं उनके उपयोग	तृतीय	तृतीय वर्ष	2

भौतिक शास्त्र (PHYSICS)

(पाठ्य-सामग्री केवल हिंदी भाषा में उपलब्ध)

COURSE TITLE	PAPER	YEAR	CREDIT
भौतिकी भाग - एक :			
यांत्रिकी दोलन और पदार्थो के रुप	प्रथम	प्रथम वर्ष	3
विद्युत चुंबकत्व और विद्युत चुंबकीय सिद्धांत	द्वितीय	प्रथम वर्ष	3
प्रायोगिक भौतिकी भाग - एक	प्रायोगिक	प्रथम वर्ष	2
भौतिकी भाग-दो :			
गैसों का अणु गतिकीय सिद्धांत, उष्मागतिकी एवं सांख्यकीय, भौतिकी तथा लेसर	प्रथम	द्वितीय वर्ष	3
त्वरंग, ध्वनिकी एवं प्रकाशिकी	द्वितीय	द्वितीय वर्ष	3
प्रायोगिक भौतिकी भाग - दो	प्रायोगिक	द्वितीय वर्ष	2
भौतिकी भाग - तीन :			
क्वांटम यांत्रिकी का उद्भव-आण्विक पारमाण्विक और नाभकीय भौतिकी	प्रथम	तृतीय वर्ष	3
ठोस अवस्था भौतिकी, ठोस अवस्था युक्तियाँ तथा इलेक्ट्रॉनिकी	द्वितीय	तृतीय वर्ष	3
प्रायोगिक भौतिकी भाग - तीन	प्रायोगिक	तृतीय वर्ष	2

रसायन शास्त्र (CHEMISTRY)

(पाठ्य-सामग्री केवल हिंदी भाषा में उपलब्ध)

COURSE TITLE	PAPER	YEAR	CREDIT
रसायन विज्ञान भाग - एक			
भौतिक रसायन	प्रथम	प्रथम वर्ष	2
अकार्बनिक रसायन	द्वितीय	प्रथम वर्ष	2
कार्बनिक रसायन	तृतीय	प्रथम वर्ष	2
प्रायोगिक रसायन	प्रायोगिक	प्रथम वर्ष	2

रसायन विज्ञान भाग - दो			
भौतिक रसायन	प्रथम	द्वितीय वर्ष	2
अकार्बनिक रसायन	द्वितीय	द्वितीय वर्ष	2
कार्बनिक रसायन	तृतीय	द्वितीय वर्ष	2
प्रायोगिक रसायन	प्रायोगिक	द्वितीय वर्ष	2
रसायन विज्ञान भाग - तीन			
भौतिक रसायन	प्रथम	तृतीय वर्ष	2
अकार्बनिक रसायन	द्वितीय	तृतीय वर्ष	2
कार्बनिक रसायन	तृतीय	तृतीय वर्ष	2
प्रायोगिक रसायन	प्रायोगिक	तृतीय वर्ष	2

वनस्पति विज्ञान (BOTONY)

(पाठ्य-सामग्री केवल हिंदी भाषा में उपलब्ध)

COURSE TITLE	PAPER	YEAR	CREDIT
माइक्रोबस् और क्रिप्टोगैमस् की सामान्य विविधता	प्रथम	प्रथम वर्ष	3
सेल बायोलॉजी तथा जेनेटिक्स	द्वितीय	प्रथम वर्ष	3
प्रायोगिक वनस्पति विज्ञान भाग-एक	प्रायोगिक	प्रथम वर्ष	2
बीजीय पौधों और उनके सिस्टमेटिक्स की विविधता	प्रथम	द्वितीय वर्ष	3
पुष्पीय पौधों में संरचना विकास तथा पुनः प्रजनन	द्वितीय	द्वितीय वर्ष	3
प्रायोगिक वनस्पति विज्ञान भाग-दो	प्रायोगिक	द्वितीय वर्ष	2
वनस्पति जीव-विज्ञान, जैव रसायन तथा जैव प्रौद्योगिकी (Biotechnology)	प्रथम	तृतीय वर्ष	3
परिस्थितकीय तथा पौधों का उपयोग	द्वितीय	तृतीय वर्ष	3
प्रायोगिक वनस्पति विज्ञान भाग-तीन	प्रायोगिक	तृतीय वर्ष	2

जन्तु विज्ञान (ZOOLOGY)

(पाठ्य-सामग्री केवल हिंदी भाषा में उपलब्ध)

COURSE TITLE	PAPER	YEAR	CREDIT
कोशिका विज्ञान एवं अकशेरुकी	प्रथम	प्रथम वर्ष	3
कशेरुकी एवं भ्रूणीय विज्ञान	द्वितीय	प्रथम वर्ष	3
प्रायोगिक जन्तु विज्ञान भाग-एक	प्रायोगिक	प्रथम वर्ष	2
शरीर रचना विज्ञान एवं कार्यिकी	प्रथम	द्वितीय वर्ष	3
कशेरुकी अंतःस्रावी विज्ञान, प्रजनन, विज्ञान, उत्परिवर्तन, व्यवहारिकी, अनुप्रयुक्त विज्ञान	द्वितीय	द्वितीय वर्ष	3
प्रायोगिक प्राणी विज्ञान भाग-दो	प्रायोगिक	द्वितीय वर्ष	2
पारिस्थितिकी, पर्यावरणीय जैविकी, सूक्ष्म जैविकी एवं औषधि प्राणिकी	प्रथम	तृतीय वर्ष	3
आनुवांशिकी, कोशिका कार्यिकी, जैव-रसायन एवं जैव तकनीकी	द्वितीय	तृतीय वर्ष	3
प्रायोगिक प्राणी विज्ञान भाग-तीन	प्रायोगिक	तृतीय वर्ष	2

3.1.3 उपाधि स्नातक : कला, वाणिज्य, विज्ञान, प्रबंधन (बी.ए., बी.एस-सी., बी.कॉम, बी.बी.ए.) सेमेस्टर प्रणाली

परामर्श / संपर्क कक्षा विश्वविद्यालय मुख्यालय में एवं कुछ चिन्हित अध्ययन-केंद्रों में ही संचालित होगी।

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में वर्णित दिशा निर्देशों पर आधारित है।
2. बी.बी.ए एवं बी.कॉम 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम है तथा कुल 8 सेमेस्टर निर्धारित है।
3. बी.ए एवं बी.एस-सी. 3 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम है तथा कुल 6 सेमेस्टर निर्धारित है।

विशेषताएँ : (Features)

1. बहु-विषयक स्नातक पाठ्यक्रम (Multiple Subject Bachelor Progrmme) : यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को एक से अधिक विषयों पर साथ अध्ययन करने का अवसर प्रदान करता है।
2. कई प्रवेश एवं निकास विकल्प (Multiple Entry & Exit) : स्नातक कार्यक्रम में कई प्रवेश एवं निकास विकल्प प्रदान किए गए हैं। अर्जित क्रेडिट के आधार पर निम्नलिखित प्रमाण-पत्र प्राप्त किए जा सकते है -
   - 2 सेमेस्टर पश्चात् - स्नातक सर्टिफिकेट (UG Certificate)
   - 4 सेमेस्टर पश्चात् - स्नातक डिप्लोमा (UG. Diploma)
   - 6 सेमेस्टर पश्चात् - स्नातक डिग्री (UG Degree)
   - 8 सेमेस्टर पश्चात् - स्नातक आनर्स (UG Honours)
3. अंत:विषय लचीलापन (Inter-Desciplinary Fexibility) : यह ढांचा विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों के बीच स्थानांतरण की सुविधा देता है, जिससे वे विविध शैक्षणिक रुचियों का अन्वेषण कर सकें और व्यापक ज्ञान आधार विकसित कर सकें।
4. पाठ्यक्रम चयन में स्वतंत्रता (Choice in Course Selection) : विद्यार्थियों को अपनी रुचियों और करियर के लक्ष्यों के अनुसार सभी विषयों में से पाठ्यक्रम चुनने का अवसर दिया गया है। यह स्वतंत्रता उन्हें अपनी शैक्षणिक यात्रा को अपने व्यक्तिगत और पेशेवर आकांक्षाओं के अनुरुप बनाने का अधिकार देता है।
5. संस्थागत गतिशीलता (Institutional Mobility) : विद्यार्थियों को विभिन्न संस्थानों के बीच स्थानांतरण की सुविधा प्रदान की जाती है, जिससे वे बहु-विषयक और अंत:विषयक शिक्षण वातावरण का अनुभव कर सकें।
6. नियामक समर्थन (Regulatory Support) : इन विशेषताओं का समर्थन करने के लिए, ''अकादमिक क्रेडिट बैंक (ABC) और ''कई प्रवेश और निकास'' जैसे - दिशा निर्देश बनाए गए हैं, जो क्रेडिट्स के संचय और स्थानांतरण की प्रक्रिया को सुगम बनाते हैं।

परिभाषाएँ (Defination)

I. पात्रता और कार्यक्रम की अवधि (Eligibility & Duration of Programme) -

1. स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु विद्यार्थी को 12वीं (10+2) पास होना अनिवार्य है।

II. कार्यक्रम संरचना (Programme Structure) -

1. स्नातक पाठ्यक्रम हेतु 162 क्रेडिट निर्धारित है।
2. स्नातक कार्यक्रम के विभिन्न पाठ्यक्रमों में निम्नानुसार क्रेडिट प्रत्येक सेमेस्टर में निर्धारित है -
   - डिसिप्लिन स्पेसिफिक कोर्स Discipline Specific Course (DSC) - 4 क्रेडिट।
   - डिसिप्लिन स्पेसिफिक इलेक्टिव Discipline Specific Electives (DSE) - 4 क्रेडिट।
   - जेनेरिक इलेक्टिव Generic Electives (GE) - 3 क्रेडिट।
   - एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स Ability Enhancement Courses (AEC) - 3 क्रेडिट।
   - वैल्यू एडेड कोर्स Value Added Courses (VAC) - 2 क्रेडिट।
   - स्कील एन्हांसमेंट कोर्स Skill Enhancement Courses (SEC) - 4 क्रेडिट।
   - इंटर्नशिप / अप्रेंटिसशिप / व्यावसायिक प्रशिक्षण / सामुदायिक जुड़ाव और सेवा Internship / Apprenticeship / Vocational Training/ Community Engagement & Services - 2 क्रेडिट।

PANDIT SUNDARLAL SHARMA (OPEN) UNIVERSITY CHHATTISGARH BILASPUR, PROPOSED STRUCTURE FOR SEMESTER WISE DISTRIBUTION OF CREDITS OF UNDER GRADUATE PROGRAM UNDER NEP 2020

Semester	Discipline Specific Courses (DSCs) Each (4 Credits)	Discipline Specific Electives (DSEs) Each (4 Credits)	Generic Electives (GEs) Each (3 Credits)	Ability Enhancement Courses (AEC)Each (3 Credits)	Value Added Courses (VAC) Each (2 Credits)	Skill Enhancement Courses (SDC) Each (4 Credits)	Internship/ Apprenticeship/ Vocational Training/ Community Engagement & Services (2 Credits)	Grand total (Credit)
I	DSC 1 DSC 2	DSE 1	GE 1	AEC 1	VAC 1	X	X	20
II	DSC 3 DSC 4	DSE 2	GE 2	AEC 2	X	SEC 1	X	22
LEVEL 4.5 EXIT 1 UG CERTIFICATE								
III	DSC 5 DSC 6	DSE 3	GE 3	AEC 3	VAC 2	X	X	20
IV	DSC 7 DSC 8	DSE 4	X	X	X	SEC 2	X	20
	DSC 9							
LEVEL 5 EXIT 2 UG DIPLOMA								
V	DSC 10 DSC 11	DSE 5	X	X	X	SEC 3	X	20
	DSC 12							
VI	DSC 13 DSC 14	DSE 6	X	X	VAC 3	X	Internship/ Community Engagement & Service (2 C)	20
	DSC 15							
	60 Credits	24 Credits	9 Credits	9 Credits	6 Credits	12 credits	2 Credits	122
LEVEL 5.5 EXIT 3 UG DEGREE								
VII	DSC(H) 16 DSC(H)17	DSE 7	X	X	X	X	X	20
	DSC(H) 18 DSC(H)19							
VIII	DSC(H) 20 DSC(H)21	DSE 8	X	X	X	X	X	20
	DSC(H) 22 DSC(H)23							
	92 Credits	32 Credits	9 Credits	9 Credits	6 Credits	12 credits	2 Credits	162
LEVEL 6 EXIT 4 UG DEGREE HONOURS								

III. परीक्षा एवं मूल्यांकन (Examination and Valuation) -

1. स्नातक कार्यक्रम के पाठ्यक्रमों का अध्ययन एवं मूल्यांकन दो प्रमुख भागों में विभाजित होगी -

   1. सत्रीय-कार्य (TMA) 2 सत्रांत परीक्षा (TEE)

   ❖ सत्रीय-कार्य का अधिभार 30 प्रतिशत एवं सत्रांत परीक्षा का अधिभार 70 प्रतिशत होगा।

2. सत्रीय-कार्य हेतु प्रश्न-पत्र एवं उत्तर-पुस्तिका का प्रारूप विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.pssou.ac.in में उपलब्ध कराया जाएगा। जिसे विद्यार्थियों को डाउनलोड तथा प्रिंट कर निर्धारित समय में स्वयं के द्वारा हस्तलिखित संबंधित अध्ययन-केन्द्र में जमा करना अनिवार्य होगा।

3. सत्रांत परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि एवं नियत केन्द्रों में सम्पन्न होगी।

IV. स्नातक प्रमाण-पत्र, डिप्लोमा, और डिग्री का पुरस्कार (UG Certificate, Diploma and Degree Award) -

- स्नातक प्रमाण-पत्र : पहले वर्ष के बाद 40 क्रेडिट्स अर्जित करने वाले छात्र, यदि एक अतिरिक्त 4-क्रेडिट का व्यावसायिक पाठ्यक्रम पूरा करते हैं, तो उन्हें स्नातक प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।
- स्नातक डिप्लोमा : दूसरे वर्ष के बाद 80 क्रेडिट्स अर्जित करने वाले छात्र, यदि एक अतिरिक्त 4-क्रेडिट का व्यावसायिक पाठ्यक्रम पूरा करते हैं, तो उन्हें स्नातक डिप्लोमा दिया जाएगा।
- तीन वर्षीय स्नातक डिग्री : तीन वर्ष पूरे करने और 122 क्रेडिट अर्जित करने पर छात्र को मुख्य विषय में स्नातक डिग्री प्रदान की जाएगी।
- चार वर्षीय स्नातक ऑनर्स डिग्री : चार वर्ष और 162 क्रेडिट्स पूरे करने पर मुख्य विषय में ऑनर्स डिग्री प्रदान की जाएगी।

V. मुख्य एवं गौण विषय (Major and Minor Course) -

❖ मुख्य विषय (Major Course) : यह अध्ययन का प्राथमिक क्षेत्र होता है, और डिग्री इसी विषय में प्रदान की जाती है। कुल क्रेडिट्स में से 50 प्रतिशत या अधिक क्रेडिट मुख्य पाठ्यक्रमों से अर्जित करना अनिवार्य है।

❖ गौण विषय (Minor Course) : गौण विषय का अध्ययन छात्रों को अपने शैक्षणिक दायरे का विस्तार करने का अवसर देता है। उदाहरण: यदि कोई छात्र राजनीतिक विज्ञान को मुख्य विषय चयन करता है और अर्थशास्त्र की गौण विषय चयन करता है तो उसे अर्थशास्त्र में 12 क्रेडिट अर्जित करना होगा तब विद्यार्थी को बी.ए. की डिग्री राजनीतिक विज्ञान मुख्य विषय के रुप में तथा अर्थशास्त्र गौण विषय के रुप में प्राप्त होगी।

VI. विभिन्न पाठ्यक्रमों को चुनने का प्रावधान (Provision of Selection of Course) -

1 प्रथम सेमेस्टर से लेकर छठे सेमेस्टर तक, शिक्षार्थी को 15 **DSC** (डिसिप्लिन स्पेसिफिक कोर्स), 06 **DSE** (डिसिप्लिन स्पेसिफिक इलेक्टिव), 03 **GE** (जनरल इलेक्टिव), 03 **AEC** (एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स), 03 **VAC** (वैल्यू एडेड कोर्स), 03 **SEC** (स्किल एन्हांसमेंट कोर्स) और एक इंटर्नशिप / अप्रेंटिसशिप / व्यावसायिक प्रशिक्षण / सामुदायिक जुड़ाव और सेवा का अध्ययन करना होगा।

2 छः सेमेस्टर तक प्रत्येक सेमेस्टर में विद्यार्थियों को दो डीएससी **(DSC)** कोर्स का अध्ययन करना होगा, जो कि एक ही अध्ययन-शाला (School) से होंगे। उदाहरण के लिए School of Science के अंतर्गत भौतिकी एवं गणित विषय हो सकते हैं। यह प्रथम सेमेस्टर में DSC-1 एवं DSC-2 के रुप में रहेगा, द्वितीय सेमेस्टर में DSC-3 एवं DSC-4, तृतीय सेमेस्टर में DSC-5 एवं DSC-6, चतुर्थ सेमेस्टर में DSC-7 एवं DSC-8, पंचम सेमेस्टर में DSC-10 एवं DSC-11 तथा षष्ठ सेमेस्टर में DSC-13 एवं DSC-14 के रुप में रहेगा।

3 चौथे, पाँचवें और छठे सेमेस्टर में, शिक्षार्थियों को एक विशेष विषय को अतिरिक्त डीएससी के रुप में चुनना होगा, जिसे उन्होंने पहले सेमेस्टर **I, II** और **III** में **DSC / DSE** के रुप में चुना हो। चयनित विषय के पाठ्यक्रम क्रमशः DSC-9, DSC-12 और DSC-15 होंगे। छठे सेमेस्टर को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, शिक्षार्थियों के पास अध्ययन के लिए तीन विषय होंगे, जिनमें से दो विषयों में 6-6 पाठ्यक्रम और तीसरे विषय में 9 पाठ्यक्रम शामिल होंगे। जिन शिक्षार्थियों ने 9 पाठ्यक्रमों का अध्ययन और सफलता प्राप्त की है, वे **VII** और **VIII** सेमेस्टर में उसी विषय में ऑनर्स के लिए जारी रह सकते हैं। डीएससी (DSC) की सूची संबंधित अध्ययन-शाला (School) द्वारा दी जाएगी।

4 छः सेमेस्टर तक प्रत्येक सेमेस्टर में विद्यार्थियों को एक डीएसई (DSE) का अध्ययन करना होगा। जोकि विद्यार्थी के संबंधित अध्ययन-शाला (School) के साथ-साथ अन्य अध्ययन-शाला (School) का भी हो सकता है।

5 डिसिप्लिन स्पेसिफिक इलेक्टिव **(DSE)** के लिए प्रस्तावित पाठ्यक्रमों की सूची विभिन्न अध्ययन-शाला (School) द्वारा तैयार की जाएगी। यह सूची सेमेस्टर और विषय आधारित होगी। शिक्षार्थी प्रस्तावित विषयों की सूची में से एक डीएसई (DSE) का चयन कर सकते हैं, बशर्ते कि उन्हें **I** से **VI** सेमेस्टर तक उसी विषय को डीएसई (DSE) के रुप में अध्ययन करना होगा।

6 छात्र को प्रथम तीन सेमेस्टर तक प्रत्येक सेमेस्टर में एक विषय जेनेरिक इलेक्टिव (GE) के रुप में चयन करना होगा। जो कि अन्य अध्ययन-शाला (School) से होंगे। विद्यार्थी उन पाठ्यक्रमों का चयन नहीं कर सकेंगे जो कि विद्यार्थी द्वारा चुने हुए डीएससी (DSC) के अध्ययन-शाला (School) से संबंधित होंगे। जेनेरिक इलेक्टिव (GE) पाठ्यक्रमों की सूची विभिन्न अध्ययन-शाला (School) द्वारा निर्धारित की जाएगी।

7 एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स (**AEC**) के लिए प्रस्तावित पाठ्यक्रमों की सूची शिक्षार्थियों को विश्वविद्यालय उपलब्ध कराई जाएगी। शिक्षार्थी प्रथम तीन सेमेस्टर तक प्रत्येक सेमेस्टर में प्रस्तावित पाठ्यक्रमों में से एक एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स (AEC) का चयन कर सकते हैं।

8 वैल्यू एडेड कोर्स (**VAC**) के लिए प्रस्तावित पाठ्यक्रमों की सूची शिक्षार्थियों को उपलब्ध कराई जाएगी। शिक्षार्थी सेमेस्टर **I, III** एवं **VI** में प्रस्तावित पाठ्यक्रमों में से एक वैल्यू एडेड कोर्स (VAC) का चयन कर सकते हैं।

9 स्किल एन्हांसमेंट कोर्सेज (**SEC**) के लिए प्रस्तावित पाठ्यक्रमों की सूची विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षार्थियों को उपलब्ध कराई जाएगी। शिक्षार्थी सेमेस्टर **II, IV** एवं **V** में प्रस्तावित पाठ्यक्रमों में से एक स्किल एन्हांसमेंट कोर्सेज (SEC) का चयन कर सकते हैं।

10 छठे सेमेस्टर में अवकाश के दौरान चार सप्ताह की अवधि शिक्षार्थियों के लिए इंटर्नशिप / अप्रेंटिसशिप / व्यावसायिक शिक्षण / सामुदायिक जुड़ाव और सेवा के लिए उपयोगी होगी।

11 जिन शिक्षार्थियों ने प्रथम सेमेस्टर से लेकर छठे सेमेस्टर तक कुल मिलाकर 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, वे चौथे वर्ष यानी **VII** और **VIII** सेमेस्टर में ऑनर्स कार्यक्रम के लिए पात्र होंगे।

12 सातवें और आठवें सेमेस्टर में, शिक्षार्थियों को प्रत्येक सेमेस्टर में 04 **DSC** पाठ्यक्रम और 1 डीएसई (DSE) पाठ्यक्रम का अध्ययन करना होगा, अर्थात कुल 08 डीएससी (DSC) पाठ्यक्रम और 02 डीएसई (DSE) पाठ्यक्रम।

सेमेस्टरवार कार्यक्रम आधारित (Programme wise) पाठ्यक्रमों की सारणी

प्रथम सेमेस्टर से लेकर छठे सेमेस्टर तक, शिक्षार्थी को 15 **DSC** (डिसिप्लिन स्पेसिफिक कोर्स), 06 **DSE** (डिसिप्लिन स्पेसिफिक इलेक्टिव), 03 **GE** (जनरल इलेक्टिव), 03 **AEC** (एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स), 03 **VAC** (वैल्यू एडेड कोर्स), 03 **SEC** (स्किल एन्हांसमेंट कोर्स) और एक इंटर्नशिप / अप्रेंटिसशिप / व्यावसायिक प्रशिक्षण / सामुदायिक जुड़ाव और सेवा का अध्ययन करना होगा।

SEMESTER - I

डिसिप्लिन स्पेसिफिक कोर्स (Discipline Specific Courses) DSC

विद्यार्थी द्वारा चयनित कार्यक्रम जिसमें वह अध्ययन करना चाहता है, उसे सेमेस्टर-I के लिए डिसिप्लिन स्पेसिफिक कोर्स (**DSC**) में से 02 विषय का चयन / अध्ययन करना होगा।

उदाहरण के लिए - बी.ए. कार्यक्रम में दिए गए विषयों में से कोई भी 02 विषयों का चयन / अध्ययन करना होगा। इसी तरह बी.एस-सी. कार्यक्रम के लिए **Group X** अथवा **Group Y** से 02 विषयों का चयन / अध्ययन करना होगा।

B.COM.	B.B.A.	B.Sc.		B.A.
		Group : X Mathematics Physics	Group : Y Zoology Botany	
❖ Fundamental of Accounting ❖ Business Law	❖ Principle of Management ❖ Financial Accounting	❖ Elementary Calculus ❖ Introduction to statistical Mechanics	❖ Life on Earth and Unique Attributes of Animal Kingdom ❖ Elementary Botany	❖ हिंदी साहित्य : हिन्दी साहित्य का इतिहास (आदिकाल से रीतिकाल तक) ❖ अँग्रेज़ी साहित्य : Introduction to the Study of English Literature ❖ संस्कृत साहित्य : नाटक, व्याकरण एवं भाषाकौशल ❖ समाजशास्त्र : Introduction to Sociology ❖ राजनीति विज्ञान : Introduction to Political Theory

डिसिप्लिन स्पेसिफिक इलेक्टिव (Discipline Specific Electives) DSE

विद्यार्थी को नीचे दिए गए सारणी डिसिप्लिन स्पेसिफिक इलेक्टिव (DSE) में से 01 विषय का चयन / अध्ययन करना होगा।

उदाहरण के लिए - बी.ए. कार्यक्रम में दिए गए विषयों में से कोई भी 01 विषय का चयन / अध्ययन करना होगा। इसी तरह बी.एस-सी. कार्यक्रम हेतु सारणी अनुसार कोई 01 विषय का चयन / अध्ययन करना होगा।

B.COM.	B.B.A.	B.Sc.		B.A.
		Chemistry	Computer Science	
❖ Business Economics	❖ Computer Application	❖ Fundamental Chemistry-I	❖ Computer Fundamental and Operation System	❖ हिंदी साहित्य : हिन्दी साहित्य का इतिहास (आदिकाल से रीतिकाल तक) ❖ योग : योग विज्ञान का परिचयात्मक स्वरुप ❖ प्रबंधन : प्रबंधन के सिद्धांत ❖ इतिहास : Ancient Indian History (from the beginning to Satvahan dynasty) ❖ अर्थशास्त्र : व्यष्टि अर्थशास्त्र ❖ अँग्रेज़ी साहित्य : Introduction to the Study of English Literature ❖ मनोविज्ञान : आधारभूत मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाएं / प्रायोगिक Basic Psychological Processes Practical ❖ समाजशास्त्र : Indian Social Structure and Social Problem

जेनेरिक इलेक्टिव (Generic Electives) GE

विद्यार्थी को नीचे दिए गए सारणी जेनेरिक इलेक्टिव (GE) में से 01 विषय का चयन / अध्ययन करना होगा, जो कि विद्यार्थी द्वारा चयनित संकाय को छोड़कर अन्य संकाय से रहेगा।

उदाहरण के लिए - बी.ए. कार्यक्रम के विद्यार्थी अन्य संकायों में से कोई भी 01 विषय का चयन / अध्ययन करना होगा।

B.COM.	B.B.A.	B.Sc.	B.A.
❖ Cyber Era & Intellectual Property Rights	❖ Cyber Era & Intellectual Property Rights	❖ Chemistry in Daily Human Life ❖ Sericulture	❖ ग्रामीण समाज शास्त्र ❖ भारतीय दर्शन

एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स (Ability Enhancement Courses) AEC

सभी संकाय के विद्यार्थी को नीचे दिए गए सारणी एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स (AEC) में से 01 विषय का चयन / अध्ययन करना होगा।

B.COM.	B.B.A.	B.Sc.	B.A.
❖ हिंदी साहित्य - I		❖ अँग्रेज़ी साहित्य - I	

वैल्यू एडेड कोर्स (Value Added Courses) VAC

